भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1631
11 फरवरी, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओमिक्रॉन वैरिएंट का बच्चों पर प्रभाव

1631. श्री कृपानाथ मल्लाह:
श्री टी.आर.वी.एस. रमेश:
श्री अभिषेक बनर्जी:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओमिक्रॉन वैरिएंट ने देश में 18 वर्ष तक के बच्चों को प्रभावित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बच्चों के टीकाकरण की समय-सीमा और लक्ष्य क्या हैं;

(ख) टीका ले चुके और टीकाकरण न कराने वाले 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की आज की तारीख के अनुसार राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने टीकाकरण न कराने वाले बच्चों सहित बच्चों पर ओममिक्रॉन के प्रभाव का अध्ययन किया है एवं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे हैं;

(घ) क्या टीका ले चुके और टीका नहीं लेने वाले लोगों पर कोविड-19 के ओमिक्रॉन वैरिएंट का प्रभाव अलग होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने बच्चों के टीकाकरण के संबंध में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को कोई दिशा-निर्देश जारी किए हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए टीकों की सूची का ब्यौरा क्या है और बच्चों के टीकों के जल्द निर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (च): ओमिइक्रोन वैरिएंट वर्तमान में देश में हावी वैरिएंट है।

3 जनवरी, 2022 से पूरे देश में 15-18 आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण शुरू किया गया। 8 फरवरी, 2022 तक, 15-18 वर्ष की आयु के लगभग 7.40 करोड़ लाभार्थियों की अनुमानित आबादी के मुकाबले, लगभग 4.99 करोड़ (67.5%) लाभार्थियों को पहली खुराक मिली है और 75.9 लाख (10.2%) लाभार्थियों को कोविड-19 वैक्सीन की दूसरी खुराक मिली है।

8 फरवरी, 2022 की स्थिति के अनुसार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के टीकाकरण वाले बच्चे अनुलग्नक-1 में हैं।

बच्चों सहित टीकाकृत और गैर-टीकाकृत आबादी पर ओमिक्रोन के प्रभाव के संबंध में वैज्ञानिक साक्ष्य विश्व स्तर पर विकसित हो रहे हैं। वैक्सीन सहित मौजूदा प्रति-उपायों पर ओमिक्रोन वैरिएंट के संभावित प्रभाव की दुनिया भर के तकनीकी समूहों द्वारा जांच की जा रही है।. राष्ट्रीय कोविड -19 टीकाकरण कार्यक्रम में उपयोग किए जाने वाले टीके कोविड-19 के कारण होने वाली गंभीर बीमारी के जोखिम को रोकने के लिए प्रभावी रहते हैं।

भारत सरकार ने 15-18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के कोविड-19 टीकाकरण संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेब साइट https://www.mohfw.gov.in/pdf/GuidelinesforCOVID19VaccinationofChildrenbetween15to18yearsandPrecautionDosetoHCWsFLWs&60populationwithcomorbidities.pdf पर भी उपलब्ध है:

राष्ट्रीय नियामक यानी केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने 12 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में आपातकालीन स्थिति में प्रतिबंधित उपयोग के लिए निम्नलिखित कोविड-19 टीकों को मंजूरी दी है:

1. मेसर्स कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड का जायकोव-डी
2. मेसर्स भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड का कोवैक्सिन

इसके अलावा, देश में निम्नलिखित कोविड -19 टीकों का नैदानिक परीक्षण चल रहा हैं:

i. मेसर्स सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया >2 से 17 वर्ष के आयु वर्ग में कोवोवेक्स के चरण II/III नैदानिक परीक्षण कर रहा है।
ii. मेसर्स बायोलॉजिकल ई लिमिटेड ≥5 से <18 वर्ष के आयु वर्ग में कोरोना वायरस के चरण II / III नैदानिक परीक्षण कर रहा है।
iii. मेसर्स जॉनसन एंड जॉनसन प्रा. लिमिटेड, 12-17 वर्ष के आयु वर्ग में चरण II/III नैदानिक परीक्षण कर रहा है।

सीडीएससीओ द्वारा नैदानिक परीक्षण और कोविड-19 टीकों के अनुमोदन के लिए आवेदन के फास्ट ट्रैक प्रसंस्करण हेतु प्रणाली मौजूद है।

कोविड-19 के टीकों सहित इससे संबंधित दवाओं से जुड़ी नई दवाओं के नैदानिक परीक्षणों के संचालन के लिए और इनके अनुमोदन के आवेदनों का मूल्यांकन करने के लिए विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) की बैठकें आयोजित की जाती हैं ताकि आवेदनों के प्रसंस्करण समय को कम किया जा सके।

अनुलग्नक-1

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र-वार 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का टीकाकरण

(8 फरवरी, 2022 तक)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पहली खुराक	दूसरी खुराक
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	18,284	9,378
2	आंध्र प्रदेश	24,84,511	7,32,451
3	अरुणाचल प्रदेश	38,311	4,866
4	असम	9,04,786	1,36,290
5	बिहार	43,74,386	3,20,258
6	चंडीगढ़	39,388	4,881
7	छत्तीसगढ	10,34,362	2,90,878
8	दादरा और नगर हवेली	18,568	9,602
9	दमन और दीव	11,371	7,715
10	दिल्ली	8,54,708	1,11,828
11	गोवा	46,415	29,564
12	गुजरात	28,38,071	9,39,066
13	हरियाणा	9,86,102	1,14,538
14	हिमाचल प्रदेश	3,06,694	1,63,720
15	जम्मू और कश्मीर	7,13,276	1,07,167
16	झारखंड	10,92,030	64,800
17	कर्नाटक	23,49,047	6,40,714
18	केरल	11,17,627	92,656
19	लद्दाख	8,372	1,921
20	लक्षद्वीप	2,819	701
21	मध्य प्रदेश	39,15,279	10,55,684
22	महाराष्ट्र	33,09,250	3,09,099
23	मणिपुर	68,312	1,607
24	मेघालय	41,185	1,624
25	मिजोरम	44,300	1,657
26	नागालैंड	38,410	368
27	उड़ीसा	16,04,313	1,96,453
28	पुदुच्चेरी	40,946	2,910
29	पंजाब	6,00,282	9,175
30	राजस्थान	30,36,489	4,04,416
31	सिक्किम	24,523	5,271
32	तमिलनाडु	21,10,780	4,83,809
33	तेलंगाना	13,51,313	2,53,793
34	त्रिपुरा	1,23,270	30,134
35	उत्तर प्रदेश	1,09,79,367	5,78,958
36	उत्तराखंड	4,31,341	1,05,489
37	पश्चिम बंगाल	30,28,826	3,67,015
	भारत	**4,99,87,314**	**75,90,456**

****